तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री से.
न्यूनतम 26.0 डिग्री से.

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार 29 जुलाई 2026

12 जीआईएस पोर्टल पर आधा शहर अवैध ...

12 ग्रुप डांस में छात्राओं का धमाल, मोहा मन ...


## खबर संक्षेप

### 432 ट्रामाडोल कैप्सूल के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो (अंबाला यूनिट) ने शिवपुरी ए कॉलोनी में छापेमारी कर एक युवक को 432 अवैध ट्रामाडोल कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, सोमवार शाम गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बेचता है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने आरोपी की तलाशी ली और करीब 6,500 मूल्य के ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद किए। आरोपी की पहचान ससौली रोड स्थित अमरपुरी कॉलोनी निवासी अमित उर्फ सोनू के रूप में हुई। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बुजुर्ग मां का शव हाइवे किनारे छोड़ गया युवक

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के शाहाबाद में 26 जुलाई को एक 70 वर्षीय महिला की मौत सड़क हादसे में हो गई। महिला का बेटा शौकिन उसे बुलेट बाइक पर रिश्तेदारी में ले जा रहा था। रास्ते में अचानक गाय आने से बुलेट बाइक का संतुलन बिगड़ गया और महिला सिर के बल सड़क पर गिर गई। गंभीर चोट लगने के बाद बेटा उसे अकेले बुलेट बाइक पर नहीं बैठा सका और मदद के लिए घर चला गया। लौटने पर महिला वहां नहीं मिली। राहगीरों की सूचना पर पुलिस उसे अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बेटे के बयान पर इत्तफाकिया रिपोर्ट दर्ज कर पोस्टमॉर्टम के लिए बाद शव परिवार को सौंप दिया।

# कुरुक्षेत्र नागरिक अस्पताल में महिला की मौत पर हंगामा

## परिजनों ने इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप

- सीने में दर्द की शिकायत पर पिहोवा से किया गया रेफर
- परिजनों का आरोप समय पर उपचार नहीं मिलने से मौत
- डॉक्टर बोले-गंभीर हालत में लाई गई थी, सीपीआर के बावजूद नहीं बची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** अस्पताल में मौजूद मृतक महिला के परिजन विलाप करते हुए।

लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल में उपचार के दौरान 30 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन और चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर अस्पताल प्रशासन मौके पर पहुंचकर परिजनों को शांत कराया। मृतका की पहचान पिहोवा क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय निशा के रूप में हुई है, जो चार बच्चों की मां थी।

मृतका के पति अजय ने बताया कि मंगलवार सुबह उसकी पत्नी को अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई। परिवार के सदस्य उसे पहले पिहोवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल, कुरुक्षेत्र रेफर कर दिया। अजय का आरोप है कि वे सुबह करीब 11 बजे नागरिक अस्पताल पहुंच गए थे, लेकिन काफी देर तक उसकी पत्नी का समुचित उपचार शुरू नहीं किया गया। कई बार डॉक्टरों और स्टाफ को उसकी हालत के बारे में बताया गया, लेकिन समय पर गंभीरता नहीं दिखाई गई। काफी देर बाद दो इंजेक्शन लगाए गए, लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। परिजनों का कहना है कि जब महिला की तबीयत और बिगड़ गई तो उसे करनाल रेफर करने की बात कही गई, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि समय रहते उचित उपचार मिलता तो निशा की जान बचाई जा सकती थी। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी चिकित्सकों और जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### चार लाख की ठगी करने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार

**करनाल।** पुलिस ने ऑनलाइन टास्क और पार्ट-टाइम जॉब के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान जसवंत निवासी माजरा मरदान, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखंड), लखविंदर मचियागढ़, रामपुर, यूपी और रवि कुमार निवासी स्कैनिया, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखंड के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से 32,000 रुपये नकद और दो मोबाइल फोन बरामद हुए। आरोपियों ने 'डेली प्रॉफिट मेकर्स' व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए ई-कॉमर्स कंपनी का लोगो दिखाकर 4 लाख ठग लिए थे।

### पानीपतः कच्ची शराब के साथ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस ने गांव काकौदा से राजू पुत्र जग्गा सिंह को अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने राजू के पास से 22.5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। थानेदार हरिराम ने बताया कि आरोपी राजू के खिलाफ थाना इसराना में एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया और बरामद शराब केस की जांच के लिए इंपाउंड कर ली। इधर, कोर्ट ने पुलिस का पक्ष जानने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### नेल आर्टिस्ट पर हमले में छह आरोपियों पर केस

**यमुनानगर।** यमुनानगर की शांति कॉलोनी में नेल आर्टिस्ट सूरज और उसके दोस्तों पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने छह युवकों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार, रविवार रात दुकान से लौटते समय रितेश, सचिन, कृष्णा, सूरज, कशिश उर्फ धनु और साहिल उर्फ छोला ने उन्हें रास्ते में रोककर डंडों और हथियारों से हमला किया। आरोपियों ने सूरज की बाइक पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिससे वह पूरी तरह जल गई, जबकि उसके दोस्त की बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी। सभी घायल अस्पताल में भर्ती हैं।

### जुआ खेलते 4 आरोपी पकड़े 4.40 लाख रुपये बरामद

**अंबाला।** सीआईए-1 टीम ने जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शक्ति नगर कॉलोनी में छापेमारी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4.40 लाख रुपये की नकदी, जुआ खेलने का सामान और तीन गाड़ियां बरामद की हैं। सीआईए-1 प्रभारी निरीक्षक परमवीर सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर थाना अंबाला शहर क्षेत्र में कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान छोटा बाजार निवासी अतुल, पीएनटी कॉलोनी निवासी अनिल कुमार, जग्गी कॉलोनी निवासी दीपक और जगाधरी गेट क्षेत्र निवासी अमनप्रीत सिंह के रूप में हुई है।

### असंध-सालवन रोड पर भीषण सड़क हादसा

# तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, दो मजदूरों की मौत

- सीमेंट उतारकर घर लौटते समय हादसा, साथी घायल
- कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार
- डायरी से मिले नंबर के आधार पर हुई बिहार निवासी संजय की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| असंध (करनाल)



असंध में सालवन रोड पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि उनका एक साथी घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब तीनों साथी ट्रक से सीमेंट उतारने के बाद बाइक से अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान एक तेज़ रफ्तार अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक को सीधी जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों की पहचान 38 वर्षीय संजय और 34 वर्षीय सतपाल के रूप में हुई है। संजय मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और असंध में रहकर मजदूरी करता था, जबकि सतपाल और उनका तीसरा घायल साथी वीरेंद्र असंध के ही रहने वाले हैं। 25 जुलाई को तीनों सालवन रोड के पास एक ट्रक से सीमेंट उतारने गए थे। काम खत्म करने के बाद जब वे बाइक से वापस घर लौट रहे थे, जैसे ही दुपेड़ी गांव के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज़ रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वीरेंद्र को हल्की चोटें आईं, जबकि संजय और सतपाल की हालत अति गंभीर थी। घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया गया, जहां संजय ने अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया और सतपाल इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जांच अधिकारी हकबीर ने बताया कि हादसे के बाद आरोपी चालक कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है।

### पानीपतः महिला की करंट लगने से मौत

**पानीपत।** पानीपत के नवादा आर में सोमवार देर शाम दीवार में आए बिजली के करंट की चपेट में आने से 35 वर्षीय शबीला की मौत हो गई। मृतका के पति इरफान के अनुसार बरसात के दौरान दीवार में करंट आ गया था, जिसे छूने से शबीला बेसुध होकर गिर गई। परिजन उसे पानीपत के निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। सनौली थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

## दुष्कर्मी को 10 साल का कारावास और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एडिशनल सेशन जज-कम-फास्ट ट्रैक कोर्ट (पॉक्सो) पीयूष शर्मा की अदालत ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी नीरज पुत्र हेतराम निवासी गांधी कॉलोनी, पानीपत को दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा दी। जज शर्मा की अदालत में दोषी नीरज पर 35 हजार रुपये का का जुर्माना भी किया। यदि नीरज ने अदालत में जुर्माना जमा नहीं किया तो उसे एक साल का अतिरिक्त कारावास यानि 11 वर्ष की जेल भोगनी होगी। स्मरणीय है कि 31 जुलाई सन 2024 को पानीपत की एक कॉलोनी निवासी महिला ने थाना माडल टाउन पुलिस में दी शिकायत में बताया कि नीरज ने इंस्टाग्राम पर मैसेज देकर बहाने से उसकी बेटी को अपने घर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं, पुलिस ने पीड़ित लड़की की मेडिकल जांच करवाई उसके बयान दर्ज किए। इधर, थाना माडल टाउन पुलिस ने नीरज के खिलाफ 6-पॉक्सो एक्ट, बीएनएस की धारा 65(1) के तहत के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने नीरज को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

# झमाझम बारिश से गर्मी से राहत जलभराव ने बढ़ाई परेशानी


**यमुनानगर।** बरसात के बाद निचले इलाकों में भरे बारिश के पानी से गुजरते वाहन। फोटोः हरिभूमि

**यमुनानगर।** मंगलवार को हुई झमाझम बारिश ने पिछले कई दिनों से गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत दिलाई। सुबह पांच बजे से आसमान में बादल छाए रहे और कुछ देर बाद तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे मौसम सुहावना हो गया। हालांकि, शहर के निचले इलाकों और सड़कों पर पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहन चालकों को जलभराव से दिक्कतें आईं। वहीं, बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने बारिश का आनंद लिया। ठंडी हवाओं और रिमझिम फुहारों ने लोगों को मानसून का एहसास कराया।

### निचले इलाकों और सड़कों पर पानी भरने से लोग परेशान

बारिश जहां एक ओर राहत लेकर आई वहीं दूसरी ओर नगर निगम की लचर व्यवस्था ने एक बार फिर लोगों की परेशानी बढ़ा दी। शहर के कई इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान रहे। खासकर शादीपुर के मुख्यमार्ग पर पानी भरने से वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, आजाद नगर, कैंप समेत अन्य नीचले इलाकों में बारिश का पानी भरने से लोग परेशान रहे। शहरवासी कमल, विशाल, टिट्टू, अमित, मनीष व संजय आदि ने बताया कि बारिश तो राहत लेकर आती है लेकिन निगम की लापरवाही परेशानी में बदल देती है।

## मारवा खुर्द में रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट एक दर्जन लोगों पर केस

- पुरानी कहासुनी के बाद बढ़ी रंजिश, जमकर चले लाठी-डंडे

**यमुनानगर।** गांव मारवा खुर्द में रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दोनों पक्षों के करीब आधा दर्शन लोग घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के बाद करीब दर्जन भर लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव मारवा खुर्द निवासी कुलदीप सिंह ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही अमित कुमार व उसके पिता राजकुमार के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। कुलदीप सिंह ने बताया कि 27 जुलाई को सुबह साढ़े आठ बजे रंजिश के चलते अमित कुमार व उसके पिता राजकुमार ने अपने परिवार के सदस्यों मधुबाला व पिंटू सरदार के साथ मिलकर उन पर हमला कर दिया। हमले में कौशल्या, प्रिंस, वीना, रानी, यशस्वी व वेदपाल घायल हो गए। वहीं, अमित कुमार ने आरोप लगाया कि 27 जुलाई को कुलदीप, वेदपाल, सूरज, प्रिंस, कुलभूषण, यशस्वी, रितु और वीना ने उसे रास्ते में रोककर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## कुवि में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर इलेक्ट्रिक व्हीकल का शुभारंभ

*शोध, नवाचार और उद्योग-अकादमिक सहयोग को मिलेगा नया मंच*

# ईवी तकनीक से आत्मनिर्भर भारत व हरित भविष्य को मिलेगी नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मंगलवार को यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर इलेक्ट्रिक व्हीकल का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक भारत के सतत विकास, स्वच्छ ऊर्जा मिशन तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सेंटर विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए नवाचार, अनुसंधान और उद्योग-अकादमिक सहयोग का उत्कृष्ट मंच सिद्ध होगा। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व तेजी से हरित ऊर्जा एवं स्वच्छ परिवहन की ओर अग्रसर है। ऐसे में विश्वविद्यालयों की जिम्मेदारी केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों के अनुरूप तैयार करना भी है। यह सेंटर युवाओं को इलेक्ट्रिक व्हीकल तकनीक के क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान, अनुसंधान क्षमता तथा नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा।


**कुरुक्षेत्र।** सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर इलेक्ट्रिक व्हीकल का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा। फोटोः हरिभूमि

### छात्रों को प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के अवसर उपलब्ध होंगे

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए यूआईईटी के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने कुलगुरु एवं सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर इलेक्ट्रिक व्हीकल की स्थापना यूआईईटी के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस केंद्र के माध्यम से विद्यार्थियों को बैटरी प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रिक ड्राइव सिस्टम, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा प्रबंधन तथा स्मार्ट मोबिलिटी जैसे उभरते क्षेत्रों में अत्याधुनिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकसित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।



# मिड डे मील वर्कर्स ने 4 अगस्त के महापड़ाव को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**मांगें पूरी नहीं होने पर 10 अगस्त से जिला स्तर पर जेल भरो आंदोलन की प्रशासन को दी चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज:करनाल/नीलोखेड़ी

मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की ब्लॉक नीलोखेड़ी कमेटी ने चार अगस्त को मुख्यमंत्री के गृह जिले में प्रस्तावित राज्य स्तरीय रैली और मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पर महापड़ाव को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। इससे पहले गोल मार्केट में ब्लॉक प्रधान अनीता की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसका संचालन ओपी माटा ने किया।

राज्य उपप्रधान ओपी माटा, ब्लॉक प्रधान अनीता, नीलम और उषा ने कहा कि 11 जून को शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने यूनियन को बातचीत के लिए बुलाया, लेकिन बैठक में शामिल नहीं हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने मानी गई मांगों को भी लागू नहीं किया। इसी के विरोध में चार अगस्त को रैली और महापड़ाव आयोजित किया जाएगा। यदि इसके बाद भी मांगें नहीं मानी गईं तो 10 अगस्त से जिला स्तर पर जेल भरो आंदोलन शुरू किया जाएगा। नेताओं ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने पिछले 11 वर्षों से मिड डे मील वर्करों के मानदेय में बढ़ोतरी नहीं की है। कई-कई महीनों तक मानदेय नहीं मिलता और वर्तमान में केवल सात हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जा रहा है। वर्दी का पैसा भी समय पर नहीं मिलता तथा मानदेय में कटौती की जा रही है। यूनियन ने 12 माह का वेतन, न्यूनतम 30 हजार रुपये मासिक वेतन, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष, वर्दी के लिए दो हजार रुपये तथा सेवानिवृत्ति पर दो लाख रुपये देने की मांग दोहराई। साथ ही स्कूलों के विलय और चिराग योजना के विरोध में भी आवाज उठाई। बैठक में उषा, कविता, अनीता, ओपी माटा, मीना, जसविंद्र, किरण, सुनीता सहित अन्य वर्कर मौजूद रहीं।



नीलोखेड़ी। बैठक के बाद मांगों का ज्ञापन सौंपते यूनियन के पदाधिकारी।

## मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन आज

- मांगें नहीं मानीं तो 11 से 13 अगस्त तक राज्यव्यापी हड़ताल, अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा की सर्कल करनाल की संयुक्त बैठक मंगलवार को एचवीपीएन रेस्ट हाउस में हुई। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा पावर इंजीनियर एसोसिएशन के जिला प्रधान सुभाष पानू ने की, जबकि संचालन एचएसईबी के सर्कल सचिव गुरमीत सिंह ने किया।

बैठक में सभी संगठनों ने सर्वसम्मति से 29 जुलाई को सर्कल स्तर पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। कर्मचारी और इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सर्कल कार्यालय से उपायुक्त कार्यालय तक प्रदर्शन करेंगे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। संघर्ष मोर्चा ने सरकार से कर्मचारी एवं इंजीनियर संगठनों की मांगों का समाधान करने, अलग एग्री डिस्कॉम बनाने का फैसला वापस लेने, गुरुग्राम और नूंह में पैरेलल लाइसेंस पर रोक लगाने तथा स्मार्ट मीटर योजना बंद करने की मांग की। चेतावनी दी गई कि मांगें नहीं मानी गईं तो 11 से 13 अगस्त तक राज्यव्यापी हड़ताल की जाएगी, जिसे आवश्यकता पड़ने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन में बदला जाएगा। बैठक में युवराज सिंह, गौरव शर्मा, देवेंद्र शर्मा, महावीर सिंह, नवीन कुमार, राजेंद्र राणा, सतीश मान, रमेश कुमार, रविंद्र मान और विशाल बनवाला आदि रहे।



करनाल। बैठक में आंदोलन की रणनीति बनाते बिजली कर्मचारी और इंजीनियर।

## खबर संक्षेप

### ड्रेन की टूटी पुलिया दे रही हादसों को न्योता

**तरावड़ी।** तरावड़ी से कुडक्र-काछवा की तरफ जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित ड्रेन की पुलिया लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ी है। एक तरफ से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी यह पुलिया राहगीरों और वाहन चालकों के लिए हर वक्त किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इस रोड़ पर कई राईस मिल्ज है जिसकी वजह से भारी वाहनों और ओवरलोडेड ट्रकों के लगातार गुजरने से यह पुलिया बार-बार टूट जाती है। इस मार्ग से नियमित रूप से गुजरने वाले राहगीरों का कहना है कि संबंधित विभाग द्वारा पहले भी कई बार इसकी मरम्मत कराई गई है, लेकिन केवल लीपापोती या अस्थाई काम होने के कारण भारी ट्रैफिक के दबाव में यह फिर से डैमेज हो जाती है।

### स्वच्छ जल डायरिया से बचा सकता हैः अजीत

**तरावड़ी।** शहर में नगर पालिका तरावड़ी द्वारा सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान चलाया गया है । यह अभियान नगर पालिका सचिव अजीत कुमार के नेतृत्व में प्रभावी ढंग से चला हुआ है । सचिव अजीत कुमार ने बताया कि इस बरसात के मौसम में ज्यादातर बीमारियां दूषित पानी का सेवन करने से होती है । इसके लिए हमें चाहिए कि हम स्वच्छ जल का प्रयोग करें और डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें।

## एलएडीसी नीति के विरोध में जिला बार का नो वर्क डे, अदालतों में सन्नाटा

# नियम का उल्लंघन करने वाले वकील पर लगेगा 5,000 रुपये का जुर्माना

**संयुक्त बार एसोसिएशनों की संयुक्त कार्रवाई समिति के आह्वान पर उठाया कदम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

लीगल एड डिफेंस काउंसिल नीति के विरोध में जिला बार एसोसिएशन, करनाल ने मंगलवार को एक बार फिर 'नो वर्क डे' मनाया। करनाल से शुरू हुए इस विरोध के तहत अधिवक्ताओं ने न्यायालयों में कामकाज पूरी तरह से ठप्प रखा और सरकार के फैसले के खिलाफ एकजुटता दिखाई। संयुक्त बार एसोसिएशनों की संयुक्त कार्रवाई समिति के आह्वान पर यह कदम उठाया गया। हड़ताल के चलते जिला न्यायालय परिसर में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा, जिससे आम जनता के केसों की सुनवाई बुरी तरह प्रभावित हुई। बार एसोसिएशन ने साफ कर दिया है कि 'नो वर्क डे' के दौरान कोई भी सदस्य, प्रॉक्सी काउंसिल को छोड़कर, किसी भी रूप में कोर्ट में पेश नहीं होगा। यदि कोई अधिवक्ता इस निर्णय का उल्लंघन करता है, तो उस पर 5,000 का जुर्माना लगाया जाएगा। इस सख्त निर्देश के कारण अधिकांश वकील हड़ताल में शामिल रहे और कोर्ट में नियमित कार्य पूरी तरह बाधित रहा। क्या है सिस्टम और क्या हैं नियम? एलएडीसी (लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम) भारत सरकार की एक योजना है, जिसे नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी द्वारा लागू किया गया है। इसका उद्देश्य गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को, खासकर फौजदारी मुकदमों में, मुफ़्त कानूनी सहायता उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत सरकार फुल-टाइम वकीलों की नियुक्ति करती है, जिन्हें नियमित सैलरी दी जाती है। ये वकील केवल उन आरोपियों के केस लड़ते हैं जो निजी वकील की फीस देने में सक्षम नहीं होते। पहले क्या था निय पहले लीगल एड के तहत पैनल वकीलों का चयन रोटेशन सिस्टम के आधार पर 3 साल के लिए किया जाता था, जिससे नए और युवा अधिवक्ताओं को भी काम करने का अवसर मिलता था। अब इस व्यवस्था के खत्म होने से काम कुछ चुनिंदा वकीलों तक सीमित हो गया है, जिससे नए वकीलों को न तो पर्याप्त केस मिल रहे हैं और न ही उनका अनुभव बढ़ पा रहा है।



करनाल। लीगल एड डिफेंस काउंसिल नीति के विरोध में कामकाज छोड़कर चर्चा करते वकील।

### वकीलों का आरोप, बन रहा 'क्लोज्ड सिस्टम'

सरकार का दावा है कि इस सिस्टम से गरीबों को बेहतर व नियमित कानूनी सहायता मिलेगी, केस की गुणवत्ता सुधरेगी और अंडरट्रायल कैदियों को जल्दी न्याय मिलेगा। वहीं दूसरी ओर वकीलों का कहना है कि यह व्यवस्था एक 'क्लोज्ड सिस्टम' बनती जा रही है, जिसमें केवल 4 से 5 वकीलों को ही पूरे जिले के हजारों केस सौंप दिए जाते हैं। इससे केसों का बोझ बढ़ता है और न्याय की गुणवत्ता प्रभावित होती है। वकीलों की मांग है कि पुराना रोटेशन सिस्टम ही बहाल रखा जाए। बार एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल एक दिन के लिए 'नो वर्क' किया गया है, लेकिन यदि सरकार ने इस नीति पर पुनर्विचार नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### सरकारी नियंत्रण और निष्पक्षता पर सवाल

अधिवक्ता राजकुमार व अधिवक्ता आदित्य मंगलोर ने कहा कि इस सिस्टम में सरकार द्वारा चीफ डिफेंस काउंसिल की नियुक्ति किए जाने से पूरी व्यवस्था सरकारी नियंत्रण में आ सकती है। उनका कहना है कि जब अभियोजन पक्ष पहले से ही सरकार का होता है और बचाव पक्ष को भी सरकार वेतन देगी, तो ऐसे में निष्पक्षता प्रभावित होने की पूरी आशंका बनी रहती है। उन्होंने बताया कि एक डिफेंस काउंसिल के पास लगभग हजारों केस हो सकते हैं, जिससे हर मामले को पर्याप्त समय देना संभव नहीं रहेगा।

## न्यूज डायरी



### डीएवी कॉलेज में किया पौधरोपण

**करनाल।** उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के दिशा-निर्देशानुसार डीएवी पीजी कॉलेज करनाल में एनएसएस, एनसीसी एवं रेड क्रॉस सैल के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया गया। पौधारोपण का शुभारंभ करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का मूल आधार हैं। प्रत्येक नागरिक को अपनी माँ के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम वर्मा, एनसीसी अधिकारी डॉ. बलराम शर्मा, डॉ. लवनीश बुधिराजा, डॉ. अंशु, डॉ. प्रतिभा व डॉ. रेखा सहित स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने पौधे लगाए और उनकी नियमित देखभाल की शपथ ली।



### हिंदी को प्रशासनिक तंत्र में प्राथमिकता मिलेः वीरेंद्र

**करनाल।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की नवगठित हिंदी सलाहकार समिति की प्रथम बैठक नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरूगन ने की, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से मनोनीत सदस्यों ने भाग लेकर राजभाषा हिंदी के प्रभावी कार्यान्वयन व भारतीय भाषाओं के संवर्धन पर गहन विचार-विमर्श किया। बैठक में हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर रहे समिति सदस्य एवं हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने राजभाषा नीति के क्रियान्वयन हेतु सुझाव दिया कि नियमावली के तहत वर्ष में कम से कम दो बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएं। उन्होंने राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति का पारदर्शी मूल्यांकन करने के लिए डिजिटल डैशबोर्ड प्रणाली तैयार करने पर बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रस्ताव रखा कि मंत्रालय व अधीनस्थ कार्यालयों के ई-मेल, डिजिटल पोर्टलों और आधिकारिक वेबसाइटों का प्रारंभिक पृष्ठ डिफ़ॉल्ट रूप से हिंदी में प्रदर्शित होना चाहिए। डॉ. चौहान ने हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच शब्द-समन्वय बढ़ाने हेतु विशेषज्ञों की एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का भी सुझाव दिया।
उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती और महात्मा गांधी की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह द्वारा हिंदी को राष्ट्रीय व वैश्विक स्तर पर नई पहचान दी जा रही है।



### नागरिकों की समस्याओं का हो त्वरित समाधानः रेणु

**करनाल।** आमजन से निरंतर संवाद और नागरिक समस्याओं के प्राथमिकता पर समाधान हेतु महापौर रेणु बाला गुप्ता ने नगर निगम कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान शहर के विभिन्न वार्डों से पहुंचे नागरिकों ने मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं और विकास कार्य हेतु सुझाव रखे। जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से सड़कों के निर्माण व मरम्मत, शहर की सफाई व्यवस्था व जल निकासी, स्ट्रीट लाइट दुरुस्ती, सीवरेज समस्या तथा पार्कों के रखरखाव और सौंदर्यीकरण से जुड़े मुद्दे उठाए गए। महापौर ने सभी नागरिकों की बात को संवेदनशीलता से सुना और मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल शिकायतें प्राप्त करने का जरिया नहीं, बल्कि जनता और प्रशासन के बीच विश्वास को मजबूत करने का सेतु है। नगर निगम की प्राथमिकता शहरवासियों को बेहतर व सुविधायुक्त माहौल प्रदान करना है।

### विद्यार्थियों को दी कानूनों की जानकारी

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा तथा सीजेएम सह सचिव मीनाक्षी यादव के मार्गदर्शन में 'मैसिव प्लांटेशन ड्राइव' के तहत दो स्थानों पर जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। स्वर्ण वाटिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल (घरौंडा) और राजकीय माध्यमिक विद्यालय (डींगर माजरा) में आयोजित कार्यक्रमों में इंस्पेक्टर राजेश लता ने विद्यार्थियों को यौन उत्पीड़न अधिनियम की कानूनी जानकारी देते हुए किसी भी उत्पीड़न की तुरंत रिपोर्ट करने हेतु प्रेरित किया। इसके अलावा विद्यार्थियों को उनके मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों के सही उपयोग के बारे में बताया गया तथा नशीले व मादक पदार्थों और जंक फूड से दूर रहकर पौष्टिक आहार लेने का परामर्श दिया गया।

## श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति की बैठक में गुरु पूर्णिमा को लेकर विचार-विमर्श

**तरावड़ी।** तरावड़ी अनाज मंडी में मंगलवार को श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुरुक्षेत्र से पधारे समिति के संरक्षक धीरज वालिया ने की। बैठक के दौरान श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति करनाल के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रवीण गर्ग का तरावड़ी शाखा की ओर से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। विशेष रूप से कुरुक्षेत्र में बुधवार को आयोजित होने वाले गुरु पूर्णिमा उत्सव को लेकर गहन चर्चा की गई। बैठक में प्रवीण गर्ग, नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, नरेश अरोड़ा, योगेश मिड्डा, रामनिवास बंसल, यश सलूजा, हंसराज पाहुजा, रंजीत भारद्वाज, राजकुमार खुराना सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे।



तरावड़ी। मंडी में श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता बैठक मे सदस्यों से कार्यक्रम की चर्चा करते हुए।



## बजरंगबली के जयकारों से गूंजी तरावड़ी सुंदरकांड पाठ में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**तरावड़ी।** हर माह के अंतिम मंगलवार के अंतर्गत शहीद भगत सिंह मार्केट ऐसोसिएशन द्वारा में 15वें सुंदरकांड पाठ का भव्य एवं अलौकिक आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन का संचालन शहीद भगत सिंह मार्केट सुंदरकांड ग्रुप द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरा वातावरण जय श्री राम और जय बजरंगबली के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ कर प्रभु श्रीराम एवं संकटमोचन हनुमान जी का गुणगान किया। भक्ति, श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत इस आयोजन ने सभी उपस्थित जनों को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

**विधि-विधान से हुआ पूजन, यजमानों ने कराया शुभारंभ :** समिति की परंपरा के अनुसार प्रत्येक आयोजन में दो यजमानों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई जाती है। इस बार सुभाष पोपली एवं सुरेश पोपली ने मुख्य यजमान के रूप में हनुमान जी महाराज का पूजन कर सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ कराया। मंत्रोच्चारण और आरती के साथ पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा।

## असंध में कपड़ा व्यापारी की दुकान से मुनीम ने उड़ाए 28 लाख रुपये

**असंध/करनाल।** करनाल जिले के असंध क्षेत्र में एक कपड़ा व्यापारी की दुकान से मुनीम द्वारा लाखों रुपये के गबन का बड़ा मामला सामने आया है। आरोपी मुनीम ने गल्ले से फर्जीवाड़ा कर करीब 28 लाख रुपये पार कर दिए। जब दुकान मालिक को शक हुआ और उसने रिकॉर्ड खंगाले तो इस बड़ी धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। असंध निवासी शिकायतकर्ता धीरज छाबड़ा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सफीदों रोड पर कैनरा बैंक के पास उनकी छाबड़ा दाज एंड वरी नाम से कपड़ों की दुकान है। उन्होंने मार्च 2026 में अंकित निवासीः गांव खांडा, तहसील अलेवा, जिला जींद को अपनी दुकान पर मुनिम के रूप में काम पर रखा था।

**बिल और कैमरे खंगालने पर खुला राजः** 9 जुलाई को जब वे दुकान पर थे, तब उन्हें अंकित की गतिविधियों पर शक हुआ। इसके बाद उन्होंने दुकान के बिल, नकदी, सीसीटीवी फुटेज और अन्य रिकॉर्ड्स की बारीकी से जांच की। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ग्राहकों को बिना बिल के कपड़े बेचता था और मिलने वाले पैसे खुद रख लेता था। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने पिछले 3 से 4 महीनों में अपने बैंक खाते में काफी बड़ी रकम का लेन-देन किया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, आरोपी ने उनकी जानकारी के बिना गल्ले से लगभग 28 लाख रुपये निकाल लिए।

**पैसे मांगने पर दी जान से मारने की धमकीः** शिकायतकर्ता ने बताया कि जब उन्होंने आरोपी अंकित से पैसे वापस मांगे, तो उसने धीरज छाबड़ा और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। अमानत में खयानत और धोखाधड़ी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पीएसआई गुरतेज मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं।

### टीम ने तंबाकू अधिनियम की दी जानकारी

**तरावड़ी।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तरावडी क्षेत्र में तंबाकू नियंत्रण टीम डॉ कैलाश गर्ग, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, पंकज कुमार, व अमित स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा निरीक्षण एवं जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों, शिक्षण संस्थानों, दुकानों तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों एवं आम नागरिकों को सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के प्रावधानों की जानकारी दी गई। तंबाकू उत्पादों की बिक्री से संबंधित नियमों, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तंबाकू उत्पाद न बेचने,धूम्रपान उत्पादकों के विज्ञापन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध व सिगरेट,तम्बाकू के सिर्फ बंद पैकेट बेचने,शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में बिक्री पर प्रतिबंध है।

## निगमायुक्त ने वार्ड 10, 11 और 12 का निरीक्षण कर दिए जरूरी निर्देश

# नालों में कचरा डालने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने मंगलवार को वार्ड संख्या 10, 11 और 12 का निरीक्षण कर विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था, सीवरेज, स्टॉर्म वाटर निकासी, पार्कों और स्ट्रीट लाइटों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि नालों में बचा हुआ भोजन या कचरा डालने वाले रेस्टोरेंट संचालकों के खिलाफ चेतावनी के बाद चालान किए जाएंगे तथा पार्कों के रखरखाव में लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों पर आर्थिक दंड लगाया जाएगा। निगमायुक्त ने बताया कि तीनों वार्डों में करीब साढ़े नौ करोड़ रुपये के विकास कार्य विभिन्न चरणों में चल रहे हैं। वार्ड 10 में 12, वार्ड 11 में चार और वार्ड 12 में 10 विकास कार्य स्वीकृत हैं, जिनमें कई पूरे हो चुके हैं जबकि शेष निर्माणाधीन या टेंडर प्रक्रिया में हैं। महर्षि दयानंद चौक से हरियाणा नर्सिंग होम मार्ग के निरीक्षण के दौरान सड़क की क्षतिग्रस्त बर्म की मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए। स्टॉर्म वाटर निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने और रेस्टोरेंट संचालकों को नालों में भोजन व अपशिष्ट नहीं डालने के निर्देश भी दिए गए। निगमायुक्त ने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा तथा नागरिकों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।



करनाल। वार्डों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देतीं नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच की

कालड़ा मार्केट क्षेत्र में धंसी हुई स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन, पार्कों के ओपन जिम उपकरण, झूले और रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच की गई। मॉडल टाउन में सीवरेज कार्य के बाद सड़क की रिलेयिंग जल्द पूरी करने तथा बागवानी कचरे का नियमित उठान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। संत नगर और चमन गार्डन क्षेत्र में पार्क निर्माण, हाई मास्ट लाइट, जलभराव की समस्या तथा श्रीहरि अस्पताल से कुंजपुरा रोड तक बॉक्स ड्रेन निर्माण प्रस्ताव की भी समीक्षा की गई। दयाल सिंह कॉलेज रोड को सीमेंट कंक्रीट सड़क बनाने के प्रस्ताव की व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की मिसिंग सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर रेखा ने मंगलवार को अपनी टीम के साथ तहसील कैंप स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान इंस्पेक्टर रेखा ने विद्यार्थियों को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, नशे के दुष्प्रभावों, बाल विवाह तथा कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि छात्राएं घर हो या बाहर किसी भी तरह का जुल्म सहन ना करें तत्काल पुलित से शिकायत करें, पुलिस आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करेगी।

### पुल व अंडरपास का निर्माण छह साल से बाधित

**समालखा।** समालखा के जीटी रोड से गांव मनाना जाने वाले मार्ग पर पिछले छह वर्षों से निर्माणाधीन फ्लाईओवर और अंडरपास का कार्य पूरा न होने से ग्रामीणों में रोष है। मनाना निवासी आजाद, रविंद्र, नितीन, मोहित, राकेश, राजीव, सागर, सौरभ, रोहित, उदय आदि ने बताया कि पिछले छह सालों से फ्लाईओवर और अंडरपास का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन आज तक दोनों परियोजनाएं अधूरी हैं। आरोप लगाया कि फ्लाईओवर की दीवार भी कई बार गिर चुकी है, फिर भी कार्य में अपेक्षित गति नहीं आई।

### पुलिस ने मारपीट के चार आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना बापौली पुलिस ने गांव खोजकीपुर कलां निवासी सागर को बंधक बनाकर लाठी, डंडों से मारपीट करने के चार आरोपियों केतन, हेमंत निवासी गांव गेझा जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश, सौरव व विरेन निवासी गांव झट्टीपुर जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। थानेदार बापौली पवन ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयोग चार डंडे व आई-20 कार बरामद कर ली है।

### हादसे में कैंटर का चालक घायल

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना में रोहतक हाईवे के फ्लाईओवर पर कैंटर व ट्रॉले के बीच टक्कर हो गई। हादसे में कैंटर का चालक घायल हो गया। राहगिरों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। वहीं हादसा सोमवार की रात को हुआ। इधर, थाना इसराना पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ब्राह्मण नेता ने कुराड़ का दौरा किया

**पानीपत।** ब्राह्मण समाज वेलफेयर सोसाइटी जिला पानीपत के तत्वावधान में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत समिति के जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा हलदाना ने गांव कुराड़ का दौरा किया। वहीं, शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज वेलफेयर सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सहयोग के माध्यम से समाज के कमजोर वर्ग को आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर बलवान शर्मा, कर्मबीर भारद्वाज, सत्यवान, रणधीर शर्मा, सतीश भारद्वाज, अंकित शर्मा, महीपाल भारद्वाज, संदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### श्री गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया

**पानीपत।** गुरु पूर्णिमा पर वृंदावन ट्रस्ट पानीपत के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्याम बाग में विराजमान गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रधान राकेश बंसल, ट्रस्टी वरुण सिंगला, विकास गोयल, जय गोयल, हरीश बंसल, राकेश बंसल, बलदेव गांधी, संजय शाल वाले, अंकुश बंसल, प्रीतम गुर्जर, कंवर रविंद्र सैनी आदि उपस्थित रहे।

### मानसून में पौधे रोपेः गुलशन

**पानीपत।** एमिनेंट पर्सन सीएम विंडो गुलशन तलवाड ने बताया कि मानसून के दौरान पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। नागरिकों से बरसात के मौसम में अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपने व उनकी जवान होने तक देखभाल करने की अपील की। पौधरोपण में अनेक सामाजिक संस्थाएं, स्वयंसेवी संगठन एवं विभिन्न समूह बड़े स्तर पर सहयोग दे रही है।

# विपक्ष की नकारात्मक राजनीति का उत्तर सुशासन से दे रही है भाजपाः डॉ. गुप्ता

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी से शिष्टाचार भेंट की, पीएम से विकसित भारत–विकसित हरियाणा विजन पर चर्चा हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



**पानीपत।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता प्रेस वार्ता करते हुए, साथ में है जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मेयर कोमल व ईश राणा।

भाजपा की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जनभागीदारी के नए युग की ओर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार भी प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को धरातल पर उतारते हुए विकसित भारत–विकसित हरियाणा 2047 के लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। डॉ. गुप्ता, भाजपा कार्यालय श्याम कमल में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रही थी। डॉ. अर्चना गुप्ता ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। वहीं, करीब 37 मिनट तक चली आत्मीय एवं सार्थक मुलाकात के दौरान हरियाणा के सर्वांगीण विकास, संगठन की मजबूती, महिला सशक्तिकरण, सुशासन तथा विकसित भारत–विकसित हरियाणा 2047 के विजन सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से सकारात्मक चर्चा हुई। डॉ. गुप्ता ने कहा कि भाजपा के लिए राजनीति सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, गरीब कल्याण, अंत्योदय और सुशासन का संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और पारदर्शी शासन का ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है, जिसकी चर्चा आज वैश्विक स्तर पर हो रही है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मेयर कोमल सैनी, ठाकुर ईश कुमार राणा, ओम दत्त आर्य, डॉ. राजबीर आर्य आदि उपस्थित रहे।

### 36 बिरादरियों के लिए कार्य कर रही सरकार

उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण, किसान हित और युवाओं का उज्ज्वल भविष्य भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हरियाणा एक–हरियाणवी एक की भावना के साथ सभी 36 बिरादरियों को साथ लेकर समावेशी एवं संतुलित विकास के लिए कार्य कर रही है। वहीं, भाजपा, विपक्ष की नकारात्मक राजनीति का उत्तर विकास, सेवा और सुशासन के माध्यम से दे रही है।

### कॉलेज में इसी शैक्षणिक सत्र से शुरू होंगी कक्षाएं

**पानीपत।** हरियाणा सरकार ने पानीपत शहर की छात्राओं को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात देते हुए नए राजकीय कन्या महाविद्यालय की स्थापना का निर्णय लिया है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से नियमित रूप से प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। यह निर्णय छात्राओं को उनके शहर में ही गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रारंभिक चरण में महाविद्यालय का संचालन डाइट भवन, जीटी रोड, रेड लाइट चौक, पानीपत से किया जाएगा। स्थायी भवन बनने तक इसी परिसर से शिक्षण कार्य शुरू होगा। इस कॉलेज में कला संकाय के अंतर्गत अंग्रेजी, हिंदी, राजनीति विज्ञान, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, कंप्यूटर साइंस, शारीरिक शिक्षा तथा गणित विषयों में कुल 160 सीटों के साथ प्रवेश दिए जाएंगे।

## 20 सूत्रीय एजेंडे पर मंथन, कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट

# पानीपत में सड़क सुरक्षा को मजबूत करेगा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



**पानीपत।** सड़क सुरक्षा व कांवड यात्रा को लेकर बैठक करते हुए डीसी, एसपी आदि अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

पानीपत जिला में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने, यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने तथा कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने बैठक में कहा कि सड़क सुरक्षा के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने, ओवरस्पीड वाहन चलाने, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग करने तथा लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मंगलवार को जिला सचिवालय में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन नीति की समीक्षा बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े 20 सूत्रीय एजेंडे पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं, बैठक में कांवड़ यात्रा को लेकर भी बैठक में विशेष रणनीति तैयार की गई। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कांवड़ मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, नियमित सफाई, बैरिकेडिंग, पेयजल, सुचारु यातायात प्रबंधन तथा पुलिस बल की प्रभावी तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं और आम नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। सभी संवेदनशील मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा यातायात व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाएगी।

### स्पीकिंग वर्कशॉप का सफल आयोजन

**समालखा।** डीपीएस पानीपत सिटी में एमयूएन पब्लिक स्पीकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों व सार्वजनिक भाषण के विशेषज्ञ राहुल मेनन, काउंसलर गरिमा राजपाल, लविशा जिंदल ने विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल हेड सोनिया तोमर, उप प्राचार्या आभा विषाद, एमयूएन कॉर्डिनेटर ऋतिक जिंदल आदि उपस्थित रहे।

### दयालु योजना जनहितैषी और प्रभावी पहल

**पानीपत।** सरकार की महत्वाकांक्षी दयालु-2 (दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना-2) को जिले में प्रभावी ढंग से लागू करने और प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला सचिवालय सभागार में उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि योजना का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध, पारदर्शी और सरल प्रक्रिया के माध्यम से पहुंचना सुनिश्चित किया जाए।



**पानीपत।** शुगर मिल का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त, एमडी आदि अधिकारी।

# कृषक समृद्धि और औद्योगिक विकास का आधार है शुगर मिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

उपायुक्त व पानीपत सहकारी चीनी मिल के अध्यक्ष डॉ. हरीश वशिष्ठ ने मंगलवार को गांव डाहर स्थित पानीपत सहकारी चीनी मिल का निरीक्षण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि मिल का संचालन पूरी पारदर्शिता, अनुशासन, गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के अनुरूप होना चाहिए। इस मौके पर मिल में टेंडर प्रक्रिया भी उनके समक्ष रखी गई। डॉ. वशिष्ठ ने कहा कि चीनी मिल केवल उत्पादन का केंद्र नहीं, बल्कि किसानों की आर्थिक समृद्धि और जिले के औद्योगिक विकास का मजबूत आधार है। प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जवाबदेही के साथ निभाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मिल में कार्यरत प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर व सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करे। सुरक्षा और गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। एथनॉल उत्पादन भविष्य की आवश्यकता है। इससे न केवल मिल की आर्थिक स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगी, बल्कि किसानों को भी दीर्घकालिक लाभ मिलेगा। चीनी का गुणवत्ता वाला उत्पादन बढाने, भंडारण व्यवस्था और कार्यप्रणाली की विस्तार से चर्चा की। डीसी डॉ. वशिष्ठ ने एमडी शुगर मिल नवदीप नैन, चीफ इंजीनियर राजकुमार व अन्य अधिकारियों के साथ पौधे रोपे।

# गुरु पूर्णिमा पर भव्य शोभायात्रा निकाली



**पानीपत।** सतगुरु रामरतन पारब्रह्म दरबार ट्रस्ट में गुरु पूर्णिमा पर्व पर संबोधन करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

श्री सतगुरु रामरतन पारब्रह्म दरबार ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं संस्थापक आचार्य राकेश पांचाल के नेतृत्व में गुरु पूर्णिमा पर सत्संग समारोह व भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सतगुरु महाराज के विधिवत चंदन तिलक से हुआ। वहीं, सतगुरु महाराज की शोभायात्रा का पूजन नारियल तोड़कर मुख्य अतिथि विनोद पांचाल, पवन पांचाल, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, गौरव स्वरूप, मोहनलाल ने किया। शोभायात्रा में भव्य एवं सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं, शोभायात्रा में नंद किशोर पांचाल, देशपाल पांचाल, दिनेश गुप्ता, इन्द्र धीमान, आदेश हरिद्वार, नथन सिंह पाल, सुनील त्यागी, समय सिंह पाल, ब्रजमोहन त्यागी, विजेंद्र पांचाल, वीरेंद्र कोरी, विजेंद्र करनाल, उषा त्यागी, पूजा प्रणामी, नेहा प्रणामी, कौशल, नरेश मधु त्यागी, अंजरी प्रणामी, राजनिता त्यागी, चित्रा त्यागी, कुशुम धीमान, विदेश शर्मा, नवीन प्रणामी आदि श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### एसबीआई ने पैरालंपिक समिति के साथ साझेदारी की

**पानीपत।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के चीफ, ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर रविंद्र शर्मा ने बताया



कि एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने एसबीआई लाइफ 2026 पैरा स्पोर्ट्स सीजन के लिए भारतीय दल का प्रिंसिपल पार्टनर बन गया है। कंपनी जहां ग्लासगो राष्ट्रमंडल पैरा खेल और फिर आइची-नागोया (जापान) में होने वाले एशियाई पैरा खेल 2026 में भाग ले रहे और लेने वाले भारतीय पैरालंपिक दल के लिए ऑफिशियल लाइफ इंश्योरेंस पार्टनर होगी। साझेदारी के जरिए एसबीआई लाइफ का मकसद भारत के बेहतरीन पैरा-खिलाड़ियों की मेहनत और उनके सफर को पहचान देना और उसे दुनिया के सामने लाना है।

# क्षेत्र की आवश्यकताओं और समस्याओं पर सार्थक चर्चा की

- मेयर ने वार्ड–25 व 26 की वार्ड समिति के साथ बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



**पानीपत।** मेयर कोमल सैनी, विकास कार्यों को लेकर पार्षदों के साथ बैठक करते हुए।

नगर निगम पानीपत की मेयर कोमल सैनी ने वार्ड नं. 25 एवं 26 की वार्ड समिति की बैठक आयोजित कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में वार्ड पार्षदों, वार्ड समिति के सदस्यों एवं निगम अधिकारियों के साथ क्षेत्र की आवश्यकताओं और समस्याओं पर सार्थक चर्चा की गई। वहीं, मेयर सैनी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल विकास कार्य करवाना नहीं, बल्कि विकास की प्रक्रिया में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना भी है। वार्ड समितियां स्थानीय स्तर पर समस्याओं की पहचान, सुझावों के आदान-प्रदान और उनके त्वरित समाधान का प्रभावी मंच हैं। वहीं, मेयर सैनी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए तथा नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने वार्ड पार्षदों, समिति सदस्यों एवं निगम अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी बल दिया। मेयर सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि इसी प्रकार नगर निगम के सभी वार्डों में वार्ड समिति की बैठकें आयोजित की जाएंगी। प्रत्येक वार्ड की समस्याओं, विकास कार्यों और जनसुविधाओं की अलग-अलग समीक्षा कर स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्ययोजना तैयार की जाएगी, ताकि शहर के हर क्षेत्र का संतुलित और समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। बैठक में पार्षद मंजीत कौर, पार्षद कुसुम भट्ट, अतर सिंह प्रजापति, वार्ड समिति के सदस्य व निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गांधी ग्लोबल फैमिली ने टोपुज को भेंट किया महात्मा गांधी युवा सेवा दूत सम्मान

# जर्मनी में गूंजा महात्मा गांधी का सत्य व अहिंसा का संदेश

कार्यक्रम का आयोजन जर्मन-भारतीय समाजसेवी राजेंद्र चोपड़ा व मीता चोपड़ा ने किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



**पानीपत।** जर्मनी में गांधी ग्लोबल फैमिली के साथ जीजीएफ के महासचिव राम मोहन राय आदि। फोटो : हरिभूमि

गांधी ग्लोबल फैमिली (जीजीएफ), जर्मनी के तत्वावधान में बर्लिन के वरिष्ठ एवं अग्रणी नागरिकों के साथ महात्मा गांधी के जीवन, विचार एवं संदेश पर एक प्रेरक विचार-गोष्ठी हुई। वहीं, गांधी ग्लोबल फैमिली के महासचिव राम मोहन राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के ऐसे महान उपासक थे, जिन्होंने सत्याग्रह जैसा अचूक अस्त्र भारत की गुलाम जनता को प्रदान किया। सत्य, नैतिकता और आत्मबल के आधार पर उन्होंने देशवासियों को संगठित किया, जिसके परिणामस्वरूप निहत्थी भारतीय जनता ने अपने अदम्य साहस और जनशक्ति के बल पर शक्तिशाली ब्रिटिश साम्राज्य को परास्त कर स्वतंत्रता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि गांधीजी का मानना था कि भारत की स्वतंत्रता केवल भारतवासियों के लिए नहीं, बल्कि विश्व की पीड़ित, शोषित और वंचित मानवता की सेवा के लिए आवश्यक है। जबकि जर्मन वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी केवल भारत के राष्ट्रपिता ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व के नैतिक नेतृत्व के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में, जब विश्व हिंसा, युद्ध और असहिष्णुता जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब गांधीजी का सत्य, अहिंसा, शांति, संवाद और सह-अस्तित्व का संदेश पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गया है। कार्यक्रम में गांधी ग्लोबल फैमिली (जीजीएफ), जर्मनी की निदेशक टोपुज ओजलेम को समाज में शांति, सद्भाव एवं मानवीय मूल्यों के प्रसार में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए महात्मा गांधी युवा सेवा दूत सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जर्मन-भारतीय समाजसेवी राजेंद्र चोपड़ा व मीता चोपड़ा ने किया। वहीं, माता सीतारानी सेवा संस्था, पानीपत की अध्यक्ष कृष्णा कांता आदि भी कार्यक्रम में शिरकत की।

### डीटीपी ने अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया

**पानीपत।** जिला नगर योजनाकार (प्रवर्तन) द्वारा मंगलवार को अवैध कॉलोनियों एवं अनधिकृत निर्माणों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान लगभग 42 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही चार अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया। इसके अतिरिक्त लगभग पांच डीपीसी, तीन निर्माणाधीन ढांचे तथा कॉलोनियों में विकसित किए गए आंतरिक सडक़ नेटवर्क को भी हटाया गया। साथ ही तीन व्यक्तिगत (इंडिविजुअल) संरचनाओं को सील किया गया। यह कार्रवाई सिवाह खेड़ी, बबैल, जालपाड़ तथा छाज्जपुर खुर्द राजस्व एस्टेट में की गई। अभियान के दौरान अवैध कॉलोनियों में किए गए विकास कार्यों को जेसीबी मशीनों की सहायता से ध्वस्त किया गया। कार्रवाई को शांतिपूर्ण एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रही।



### विश्व प्रकृति दिवस पर हर्बल बॉटनिकल गार्डन में पौधे रोपे

**पानीपत।** देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय, पानीपत में विश्व प्रकृति दिवस के अवसर पर एक पौधा माँ के नाम अभियान के अंतर्गत इको क्लब द्वारा हर्बल बॉटनिकल गार्डन में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र जागलान ने की, जबकि आयोजन इको क्लब के संयोजक एवं ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने किया। ग्रीनमैन दलजीत की प्रकृति बचाओ सम्मान पाओ मुहिम के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय लोहारू, भिवानी के प्राचार्य डॉ. दलजीत सिंह तथा 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रही अर्थशास्त्र विभाग की प्रोफेसर स्नेहलता का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया तथा उनसे पौधारोपण कराया गया। जबकि प्राचार्य डॉ. जागलान ने कहा कि पर्यावरण को घना करना हर नागरिक का कर्तव्य है। मानसून के दौरान सभी को अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपने चाहिए।



**न्यायालय तहसीलदार-कम सब रजिस्ट्रार पानीपत।**

**मोहित नांरग पुत्र श्री गोपी चन्द निवासी मकान नम्बर 137, सुखदेव नगर, पानीपत।**

**बनाम**

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है मोहित नांरग पुत्र श्री गोपी चन्द निवासी मकान नम्बर 137, सुखदेव नगर, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय मे पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता गोपी चन्द पुत्र श्री चौथू रम उर्फ छोटू राम निवासी मकान नम्बर 137, सुखदेव नगर, पानीपत की दिनांक 08-12-2016 को मृत्यु हो चुकी है। एवंम प्रार्थी की मता श्रीमति पार्वती जी की भी दिनांक 15-08-2013 को मृत्यु हो चुकी है। और प्रार्थी की दादी श्रीमति पोखरी देवी जी की काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उतराधिकारी दर्शाये गये हैं।

1- लीला कृष्ण नांरग, व 2 महिन्द्र नांरग व 3 मोहित नारंग पुत्रगण, व 4- वीना चांदना, व 5- गीता ढींगडा पुत्रीयान श्री गोपी चन्द पुत्र श्री चौथू राम उर्फ छोटू राम यानि कुल 5 ही वारिस हैं।

इनके इलावा मृतक श्री गोपी चन्द पुत्र श्री चौथू राम उर्फ छोटू राम का अन्य कोई वारिस/उतराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तेहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उतराधिकारी के बाबत कोई शक एवंम इतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय मे कावं दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 24.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम सब रजिस्ट्रार पानीपत।**

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए लगाया योग शिविर

**शहजादपुर।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अरविंदर कौर के मार्गदर्शन में गांव कड़ासन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें सरपंच परविंदर कौर का विशेष सहयोग रहा। शिविर में आयुष विभाग से योग प्रशिक्षक नरेंद्र ने सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं बाल योग का विस्तारपूर्वक अभ्यास कराया।

### तीन दिवसीय शिविर में महिलाओं को कराया योग

**नारायणगढ़।** महिला एवं बाल विकास परियोजना ग्राम पंचायत पंजलासा की सरपंच नीतू के सहयोग से बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव आंबेडकर भवन में तीन दिवसीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता योगाभ्यास प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को योग के प्रति प्रशिक्षित करना तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण शिविर में आयुष विभाग के योग सहायक जसबीर सिंह ने खंड की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि योगाभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

### ई-रिक्शा चोरी में आरोपी काबू , सामान बरामद

**अंबाला।** थाना महेशनगर पुलिस ने किस्मत नगर बब्याल स्थित घर के बाहर गली से ई-रिक्शा चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया। जांच अधिकारी अमर सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता अमित कुमार ने 26 जुलाई 2026 को शिकायत दी थी कि 25/26 जुलाई 2026 को आरोपियों ने उसके घर के बाहर से ई-रिक्शा चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने थाना महेशनगर में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने मामले में संलिप्त आरोपी साहिल को गिरफ्तार कर उससे ई-रिक्शा बरामद की है।

### 7 लाख का सोना चोरी, पुलिस ने शुरू की जांच

**अंबाला।** शहर के काजीवाड़ा की रहने वाली नीलम शर्मा के रिहायशी भवन से सात लाख का सोना चोरी हो गया। शाम को चोरों ने दरवाजे तोड़कर इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके का मुआयना किया। अंबाला शहर की थाना प्रभारी सुनीता ढाका, पुलिस चौकी 4 प्रभारी सूबे सिंह सीआईए स्टाफ की टीम व सीन ऑफ क्राइम की टीम मौके पर पहुंचकर वारदात का मुआयना किया। नीलम शर्मा ने बताया कि चोर तकरीबन 5 तोला सोना पर हाथ साफ कर दिया। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने एसएचओ सुनीता ढाका को तुरंत कार्रवाई करते हुए चोरों को गिरफ्तार करने वा सोना बरामद करवाने के आदेश दिए। पुलिस ने नीलम शर्मा के बेटे की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है। वारदात को सुलझाने के लिए पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने में लगी हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

### निगम की पहली बैठक में उछला गैर कानूनी कॉलोनियों का मुद्दा

# जीआईएस पोर्टल पर आधा शहर अवैध, सुविधाओं से हो रहे वंचित

आवारा कुत्तों की शिकायत करने पर दो घंटे में कर्मचारी मौके पर पहुंचेंगे, रिस्पांस नहीं मिलने पर एजेंसी का टेंडर होगा कैंसिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

नगर निगम के सदन की पहली मीटिंग में मंगलवार को अवैध कॉलोनियों का मामला खूब उछला। ज्यादातर निगम सदस्यों का आरोप है कि सालों से लटके इस मुद्दे की वजह से अवैध कॉलोनियों में रहने वाले लोग बेहद परेशान हैं। इन कॉलोनियों में अब तक न तो लोग अपने रिहायशी भवनों के मालिक बन पाए न ही उन्हें किसी तरह की सुविधा मिल रही है। इसके अलावा एनडीसी, सफाई व बेसहारा जानवर व स्ट्रीट लाइटों के मुद्दे भी मीटिंग में रखे गए। नगर निगम कमिश्नर ने सभी सदस्यों का आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं के स्थायी समाधान पर काम हो रहा है।



अंबाला। मीटिंग में अपनी बात रखते निगम सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### जल्द वैध हों कॉलोनियां

पूर्व डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने सबसे पहले अवैध कॉलोनियां का मुद्दा सदन में रखा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से शहर की अवैध कॉलोनियां को नियमित करने की सूची यूएलबी के पास लंबित है। अभी तक इन कॉलोनियों को वैध घोषित होने पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह भाजपा सदस्य मनीष आनंद ने बताया कि कइ साल से अवैध कॉलोनियों का मामला लटका हुआ है। वे खुद पिछले कार्यकाल में लगातार इस मुद्दे पर आवाज बुलंद करते रहे। मगर अभी तक यूएलबी के अफसर इस मामले में किसी तरह की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरी तरह से आबाद हो चुकी इन कॉलोनियों में अभी तक नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं। सदस्य मनीष आनंद ने बताया कि 2023 से यह मामला लटक हुआ है। उन्होंने निगम अधिकारियों से इस मुद्दे पर जवाब मांगा। इस पर कमिश्नर वीरेंद्र सहरावत ने बताया कि चुनाव में आचार संहिता लगने से मामला लटक गया था। मुख्यालय में अवैध कॉलोनियों का प्रपोजल भेजा हुआ है। पहले उसमें कुछ खामियां मिली थी जिसके बाद दोबारा सर्वे करवाकर अब रिपोर्ट भेजी जा रही है। एक सप्ताह में यह रिपोर्ट मुख्यालय में भेजी जाएगी। मनीष आनंद ने कहा कि जीआईएस पोर्टल पर आधा शहर अवैध दिखाया गया है। इस वजह से ज्यादातर वार्डों में विकास कार्य लटके हुए हैं।

#### 25 लाख का फंड बेकार गया

निगम सदस्य मनीष आनंद के साथ दूसरे सदस्यों ने भी सदन में यह बात रखी कि आधा शहर अवैध होने की वजह से पिछले कार्यकाल में प्रत्येक वार्ड में विकास के लिए 25_25 लाख का फंड जारी किया गया था। मगर ज्यादातर कॉलोनियां अवैध होने की वजह से 25 हजार का पाइप तक भी नहीं डलवा सकते। इस पर कमिश्नर वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि एचएसवीपी, डीटीपी, राजस्व समेत विभिन्न विभागों से एनओसी लेनी पड़ती है। अब एनओसी लेने का काम पूरा हो गया है।

#### हर वार्ड को मिलेंगे 25-25 लाख

सदन में सहमित के बाद सभी 20 वार्डों में विकास के लिए 25_25 लाख रुपये का फंड मंजूर किया गया है। इसके साथ ही सभी अवैध कॉलोनियों को फिर से वैध करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।आधार कार्ड सेंटर का शैड डलवाने, वार्ड समिति गठित करने का प्रस्ताव भी बिना किसी विरोध के पारित हो गया। इस दौरान फाइनेंस एवं कांट्रेक्ट कमेटी में सदस्य भी चुने गए। इनमें मेयर, कमिश्नर सहित मनीष आनंद, अर्चना छिब्बर व हितेश जैन सदस्य चुने गए।

#### सात एसी चोरी पर होगा केस

वार्ड-18 के निगम सदस्य हितेश जैन ने सदन में सेक्टर-9 कम्युनिटी सेंटर में सात एसी चोरी होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि निगम सेंटर को स्टोर बना दिया है। यहां रेहड़ियां खड़ी रहती हैं। यहां से सीएफसी सेंटर से सात एसी भी उतर गए हैं। किसी भी अधिकारी ने उनका जबाव नहीं दिया कि वह एसी कहां गए। इस पर कमिश्नर वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि स्टॉक रजिस्टर देखा जाएगा कि इनका जिम्मा किस कर्मचारी के पास था। अगर इन एसी का पता नहीं चलता उसकी एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

#### इन पर भी बनी सहमति

सभी वार्डों में में जनता के लिए बनाए गए पब्लिक टॉयलेट का उद्घाटन एक सप्ताह में करवाया जाएगा। लंबे समय से इन टॉयलेटों पर ताले लटके हुए हैं। इनके इस्तेमाल न होने से पब्लिक को किसी तरह का फायदा नहीं मिल रहा है। सदन की हर मीटिंग में सरकारी विभागों की अधिकारियों की उपस्थिति पर भी सहमति बन गई। ज्यादातर निगम सदस्यों का आरोप है कि कई विभागों के अधिकारी मीटिंग में नहीं आते। इसी वजह से पब्लिक की कई समस्याओं पर सुनवाई नहीं हो पाती। एक महीने में शहर के उन पार्कों के रखरखाव की जिम्मेदारी एजेंसी को दी जाएगी जिनका जिम्मा कोई भी लेने को तैयार नहीं है।

## ग्रीन बेल्ट सौन्दर्यीकरण का सुभाष सुधा ने किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शहरों के सौंदर्यीकरण और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर काम कर रही है। सेक्टर-5 ग्रीन बेल्ट कुरुक्षेत्र शहर का एक प्रमुख स्थान है। यहां हजारों लोग मॉर्निंग वॉक और सैर के लिए आते हैं। ऐसे में 46 लाख रुपये की लागत से होने वाले इन कार्यों से ग्रीन बेल्ट की सुरक्षा और सुंदरता भी बढ़ेगी। शहर के सेक्टर-5 स्थित ग्रीन बेल्ट को नया स्वरूप देने के लिए कुल 46 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य शुरू किए गए हैं। इस परियोजना के तहत मेन बाउंड्री वॉल, ग्रीन बेल्ट का विकास, लोहे की ग्रिल और बैठने के लिए बेंच लगाने का काम किया जाएगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने विधिवत रूप से शिलान्यास कर कार्य का शुभारम्भ किया और प्रदेश सरकार की जनहितैषी नीतियों के बारे में नागरिकों को विस्तार से जानकारी दी। सेक्टर-5 के निवासियों ने इस कार्य के लिए प्रदेश सरकार और पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि देश व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी जनसेवा के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में देश के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस मौक पर मोहिंदर मेहता, अनिल शर्मा, शीशपाल शर्मा, महेंद्र, मलकीत ढांडा सहित सेक्टर-5 के सम्मानित नागरिक, आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रुप डांस में छात्राओं का धमाल, मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को खंड स्तरीय कल्चरल फेस्ट-2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्किट, ग्रुप डांस, सोलो डांस और रागिनी जैसी विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। प्रतियोगिता में बराड़ा खंड के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 40 टीमों ने भाग लिया। कक्षा 5 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग वर्ग बनाए गए। इस अवसर पर करीब 250 से अधिक विद्यार्थियों एवं अध्यापकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश मेहरा ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, आत्मविश्वास, नवाचार की भावना को विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य नरेंद्र अग्रवाल ने प्रतिभागियों को पूर्ण एकाग्रता, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की इंचार्ज रीना देवी ने भी विद्यार्थियोंको अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के आयोजन में खंड कोऑर्डिनेटर अनुराधा गुप्ता सहित कपिल जैन, गीता रानी, शीतल मक्कड़, हरप्रीत कौर, चेतना गुप्ता, दिव्या गुप्ता, प्रीति कौशल, प्रियंका, जगतार सिंह, कुशाग्र, हवा सिंह, नरेश कुमार, बेबी देवी एवं चंचल कलानिया ने भूमिका निभाई।



बराड़ा। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## सीपीआर प्रशिक्षण में शिक्षकों व छात्रों ने सीखी जीवन बचाने की तकनीक

■ पूजा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में हुआ जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



पूजा मॉडर्न पब्लिक स्कूल, पिपली में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें डॉ. राकेश भारद्वाज, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. तनुज अग्रवाल एवं डॉ. प्रदीप सिंगला ने आपात स्थिति में सीपीआर के महत्व और सही प्रक्रिया की जानकारी दी। चिकित्सकों ने बताया कि कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में समय पर दिया गया सीपीआर किसी व्यक्ति की जान बचा सकता है। विद्यालय की एमडी पुष्पा संधू, चेयरमैन विकासदीप सिंह संधू और प्राचार्या शशी पंवार ने कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों को जीवनरक्षक तकनीकों का प्रशिक्षण देना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम कों सफल बनाने में विद्यालय के नवीन गुप्ता,विकासकुमार, अभिनेश, मोनिका, महक शर्मा,जसबीर कौर,सुमन आदि मौजूद रही।



### प्रॉपर्टी एडवाइजर के ऑफिस में चोरी, एलईडी, इन्वर्टर और एसी समेत सामान ले उड़े चोर

**मुलाना।** दोसड़का में सोमवार देर रात चोरों ने एक प्रॉपर्टी एडवाइजर के ऑफिस को निशाना बनाते हुए एलईडी, इन्वर्टर, एसी सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। दुकान मालिक प्रभजोत सिंह ने बताया कि देर रात चोरों ने उनके शिवजोत प्रॉपर्टी ऑफिस का शटर का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। मंगलवार सुबह जब वह ऑफिस पहुंचे तो शटर का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर रखा सामान गायब था। उन्होंने बताया कि चोर ऑफिस में रखा बेड भी चोरी कर ले जाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन किसी कारणवश उसे बाहर ही छोड़कर फरार हो गए। चोरी की इस घटना से उन्हें काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रभजोत सिंह ने बताया कि इससे पहले भी 15 जुलाई की रात दोसड़का स्थित सूर्या ट्रैवल कार्यालय में इसी तरह चोरी की वारदात हुई थी। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के व्यापारियों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

### हीरो मोटोकॉर्प ने पंजाब में की 17 दिवसीय मेगा माइलेज प्रतियोगिता

**अंबाला।** देश की अग्रणी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड ने पंजाब में 17 दिवसीय मेगा माइलेज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्राहकों को हीरो वाहनों की बेहतरीन माइलेज का वास्तविक अनुभव कराना व ईंधन के प्रति जागरूक करना था। यह अभियान 51 गांवों और 28 शहरों सहित कुल 79 स्थानों पर आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में 700 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिससे वह पंजाब में हीरो मोटोकॉर्प का एक बड़ा ग्राहक संपर्क अभियान बन गया। प्रमुख स्थानों में अमृतसर, पठानकोट, तरनतारन , जालंधर, फगवाड़ा, कपूरथला, पटियाला, लुधियाना, जम्मू, अबोहर, फिरोजपुर , जगरांव, संगरूर और बरनाला सहित अनेक शहर और गांव शामिल है।






### संध्या सभा में बच्चों को सिखाए सेल्फ डिफेंस व सतर्क रहने के गुर

**अंबाला।** राजकीय उच्च विद्यालय मंडौर में संध्या सभा के दौरान अध्यापक रामफल शास्त्री ने विद्यार्थियों को आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस) और सतर्क रहने के महत्वपूर्ण उपाय बताए। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति पर तुरंत विश्वास न करें, सुनसान स्थानों पर अकेले जाने से बचें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत अपने अभिभावकों, अध्यापकों या पुलिस को दें। उन्होंने विद्यार्थियों को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी और कहा कि आत्मविश्वास, जागरूकता एवं सही समय पर लिया गया निर्णय ही सबसे बड़ा बचाव होता है।

### घर से 2.50 लाख की चोरी में दो आरोपी गिरफ्तार




**बराड़ा।** थाना मुलाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गांव साबापुर में एक मकान से 2.50 लाख की नकदी चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही विजय कुमार ने बताया कि गांव साबापुर के लोगिंद्र कुमार ने 18 जून 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि कोई व्यक्ति उसके घर से 2 लाख 50 हजार की नकदी चोरी कर ले गए हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान राहुल उर्फ कल्लू तथा कमल कुमार, दोनों निवासी गांव साबापुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जांच अधिकारी के अनुसार मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है।

### 55 चालक प्रशिक्षणार्थियों को नशा मुक्ति एवं सुरक्षित वाहन संचालन का दिया संदेश

**अंबाला।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से प्रदेशभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत अंबाला बस अड्डे पर चालक प्रशिक्षणार्थियों के लिए नशा मुक्ति जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम चालक शिक्षण संस्थान के प्रभारी संदीप कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें 55 चालक प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और राष्ट्र के विकास में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। उन्होंने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से साइकिल के माध्यम से प्रदेश के गांव-गांव और शहर-शहर जाकर नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा का अभियान चला रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वस्थ, सुरक्षित और नशा मुक्त जीवन अपना सकें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### ब्लू बेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई खंड स्तरीय प्रतियोगिता

# खेल से आत्मविश्वास व टीम भावना को मिलता है बढ़ावा : मेहता

अंडर-14 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्कूली खिलाड़ियों ने दिखाया दम-खम, जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़



नारायणगढ़। विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व अन्य।

ब्लू बेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंडर-14 (बालक एवं बालिका) खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में पूरे खंड के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों एवं एथलेटिक्स स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रिंसिपल राजीव मेहता रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता खेल सचिव राज कुमार सैनी ने की। मुख्य अतिथि राजीव मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना को बढ़ावा मिलता हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी खेलों के माध्यम से प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षीय संबोधन में सचिव राज कुमार सैनी ने प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी विद्यालयों, खेल प्रभारियों, निर्णायकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन एवं खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। प्रतियोगिताओं के दौरान कबड्डी, खो-खो, वॉलीबाल, फुटबॉल, हैंडबाल, बॉस्केटबल, बैडमिंटन, शतरंज, टेबल टेनिस, स्केटिंग, योग तथा लंबी कूद, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, हाई जंप, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं 600 मीटर दौड़ सहित अनेक एथलेटिक्स स्पर्धाओं का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में सेंट फ्रांसिस स्कूल कालाअंब, ब्लू बेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, माउंटेन व्यू स्कूल, भूरेवाला, न्यू सरस्वती स्कूल, नगला, जीएमएस टोका, जीएमएस नबीपुर, जीएमएस छोटी कोहडी, जीएसएसएस डेरा, पैरामाउंट स्कूल, अकबरपुर, माइंड ट्री स्कूल, शिवालिक स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

#### ये रहे मौजूद

समापन में विनोद सैनी, शिव चरण, राहुल, साहिल, विनोद कुमार, नरेश, सुभाष, सचिन, मनदीप, दर्शन, परवीन, मीनाक्षी, परमजीत, शिवानी, अनिल, राकेश कुमार एवं रविंद्र सहित अनेक शिक्षक एवं खेल प्रभारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त ब्लू बेल्स स्कूल की खेल टीम से हरविंदर शर्मा, राजेश राणा, नवीन कोहली एवं गुरविंदर सेठी ने आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।